कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.07.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज की
मोनिका ने रचा इतिहास

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. मोनिका ने राष्ट्रीय सायकल पोलो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता भारतीय सायकल पोलो फेडरेशन द्वारा कोयम्बटूर तमिलनाडु में दिनांक 21 जुलाई से 24 जुलाई 2022 तक आयोजित की गयी थी। मोनिका ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मोनिका पहले भी कई फेडरेशन कप प्रतियोगिता में पदक जीत चुकी है। कु. मोनिका कक्षा आठवी से सायकल पोलो खेल रही है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, श्री गणेश नायक, क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने मोनिका की इस उपलब्धि पर उसे शुभकामनायें दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)